कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–4, जून 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु पेंट्स ने रायपुर में किया अपनी नई उत्पादन इकाई का शुभारंभ

**इस इकाई की शुरूआत होने से कंपनी की वार्षिक उत्पादन क्षमता में होगी 15,000 किलोलीटर की महत्वपूर्ण वृद्धि**

उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य के तहत कामधेनु पेंट्स ने 20 जून, 2011 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में नये उत्पादन संयंत्र का उद्घाटन किया। आउटसोर्सिंग समझौते के अन्तर्गत प्रारम्भ हुई इस इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता 15,000 किलोलीटर है। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण श्री सौरभ अग्रवाल, निदेशक, श्री राजकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री गौतम चक्रवर्ती, डी.जी. एम. और श्री विक्रम सिंह राजपूत, सीनियर ए.एस.एम. उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, "***Colour Dreamz*** उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण बाजार में उनकी भारी मांग है। इसलिए बढ़ती हुई मांग के अनुरूप उत्पादों की आपूर्ति करने हेतु उत्पादन क्षमता में विस्तार करना बहुत जरूरी हो गया है। उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए ही कामधेनु इस्पात लिमिटेड (पेंट डिविजन) ने पेंट व अन्य कोटिंग के उत्पादन के लिए रायपुर में स्थित इस उत्पादन इकाई से समुचित आउटसोर्सिंग समझौता किया है। अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए हम भविष्य में भी देश भर में इस प्रकार के समझौते करते रहेंगे।"



इस सन्दर्भ में आगे जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, "यह नई उत्पादन इकाई अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इस इकाई की वर्तमान उत्पादन क्षमता 1,250 किलोलीटर प्रतिमाह है। हम चालू वित्त वर्ष के अन्त तक इसे बढ़ाकर दोगुनी करने की योजना बना रहे हैं।"



कामधेनु पेंट्स के उत्पादों की छत्तीसगढ़ और समीपवर्ती राज्यों में भी भारी मांग है। रायपुर में इकाई के शुरू होने से पूर्व इन राज्यों में सेल्स डिपो के माध्यम से भिवाड़ी, राजस्थान स्थित कंपनी की उत्पादन इकाई से कामधेनु पेंट उत्पादों की आपूर्ति की जा रही थी जो अब कंपनी की नई उत्पादन इकाई से की जाएगी। इससे प्रदेश में हमारे उत्पादों की आपूर्ति में तेजी आएगी और हमारी वितरण लागत में काफी कमी आएगी।"

भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, "हम आने वाले वर्षों में पूर्वी व दक्षिणी भारत में एक–एक नई उत्पादन इकाई शुरू करने की योजना रखते है।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड का पिछले वित्त वर्ष में प्रदर्शन बहुत उत्साहजनक रहा है। इस सफलता का श्रेय कंपनी की पेंट शाखा के बेहतरीन प्रदर्शन को जाता है। कंपनी द्वारा पिछले दो वर्षों में पेंट उत्पादों के वितरण नेटवर्क का विस्तार करने और अपनी ब्रांड को उपभोक्ताओं के मध्य स्थापित करने के लिए बड़ी मात्रा में निवेश किया गया था जो भविष्य में कंपनी के लिए मज़बूत नींव का पत्थर साबित होगा।



# आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत और जर्मनी ने एक दूसरे का हाथ थामा



भारत के दौरे पर आयी जर्मनी की चांसलर एंजेला मॉर्केल के साथ प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान की स्थिति और क्षेत्रीय सुरक्षा की समीक्षा की। दोनों शासनाध्यक्षों ने आतंकवाद को गंभीर चुनौती मानते हुए इससे निपटने के लिए परस्पर सहयोग करने का संकल्प लिया। एंजेला मॉर्केल और प्रधानमंत्री की बैठक के बाद भारत और जर्मनी ने कुल चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये। ये समझौते व्यवसायिक शिक्षा, चिकित्सा शोध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा आणविक भौतिकी के क्षेत्र में किए गए हैं।

दोनों पक्षों के बीच मंत्रीस्तरीय बैठक के दौरान आपसी हितों से जुड़े दोतरफा, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। इसमें रक्षा, सुरक्षा और व्यापार क्षेत्र के अलावा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के विषय भी शामिल थे। जर्मनी ने नाभिकीय रिएक्टर को अपने यहां धीरे–धीरे बंद करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कुल ऊर्जा उत्पादन का केवल तीन प्रतिशत परमाणु ऊर्जा है। हमारी क्षमता 5,000 मेगावाट से भी कम है। हम इसे बढ़ाकर 2020 तक 20,000 मेगावाट तक करना चाहते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अगर भारत को उत्सर्जन लक्ष्यों को हासिल करना है तो परमाणु ऊर्जा और नवीकृत ऊर्जा स्रोतों को एकसाथ लेकर चलना होगा।

## भारत बना बोइंग सी–17 ग्लोबमास्टर का सबसे बड़ा खरीददार



भारतीय वायुसेना को सबसे बड़े परिवहन विमान सी–17 ग्लोबमास्टर की आपूर्ति के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय ने अमेरिकी कंपनी बोइंग के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। समझौते के मुताबिक बोइंग वर्ष 2013 से 2014 के दौरान भारतीय वायुसेना को दस सी–17 ग्लोबमास्टर उपलब्ध कराएगा जिसके एवज में भारत द्वारा कंपनी को रू. 18 हजार करोड़ का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही भारत सी–17 का सबसे बड़ा ग्राहक बन चुका है।

75 टन वजन उठाने में सक्षम यह विमान 3000 फीट छोटी हवाई पट्टी पर उतर सकता है। इस विमान के आने से भारतीय वायुसेना की शक्ति में खासा इजाफा होगा। रक्षा सूत्रों के मुताबिक भारत ऐसे छह और विमान खरीदने की योजना रखता है।

## युवाओं ने लहराया वेस्ट इंडीज में जीत का परचम

सुरेश रैना की कप्तानी में सचिन, धोनी, सहवाग, गंभीर और जहीर जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के बिना वेस्ट इंडीज दौरे पर गई भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप के शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए मेज़बान टीम को पाँच एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में 3–2 के अन्तर से मात दी है। इस जीत में अमित मिश्रा, विराट कोहली और रोहित शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस श्रृंखला में रैना की



कप्तानी भी शानदार रही और वह सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने में कामयाब रहे।

एक जमाने में "घर का शेर" कही जाने वाली भारतीय टीम ने पिछले कुछ वर्षों में विदेशी धरती पर शानदार प्रर्शन किया है। इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों के खेल को देखकर सभी आने वाले वर्षों में भी भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए आश्वस्त हैं।

# कामधेनु की सफलता की कहानी गूँजी "थाईलैण्ड बाइनियल सम्मेलन" में

**इण्डियन पेंट एण्ड कोटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री सतीश अग्रवाल को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया**

इण्डियन पेंट एण्ड कोटिंग एसोसिएशन ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश अग्रवाल की औद्योगिक प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें 31 मई, 2011 को बैंकाक में आयोजित "थाईलैण्ड बाइनियल सम्मेलन" में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया।

इस अवसर पर श्री सतीश अग्रवाल ने युवा उद्योगपतियों को कामधेनु पेंट्स की सफलता के बारे में बताया और उनके साथ अपने बहुमूल्य अनुभवों को बाँटा। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा, "वर्तमान के प्रतियोगिता से भरे बाजार में बड़े उद्योगों के साथ प्रतियोगिता करने और बाजार में अस्तित्व को बनाए रखने के लिए लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए यह अति आवश्यक है कि वे उत्पादों की गुणवत्ता से कभी समझौता न करें। हम लगातार उत्कृष्ट कोटि के उत्पाद बनाकर ही कामधेनु पेंट्स के ***Colour Dreamz*** ब्रांड को बाजार में स्थापित करने में सफल हुए हैं। आज उपभोक्ता हमारे सभी उत्पादों पर विश्वास रखते हैं। हमने यह मुकाम उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करके ही हासिल कर सके हैं।"

श्री सतीश अग्रवाल को कार्यक्रम में शामिल होने और उनका बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद देते हुए इण्डियन पेंट एण्ड



कोटिंग एसोसिएशन के महासचिव श्री जतिन अग्रवाल ने कहा, "कार्यक्रम में भाग लेने और बहुत ही व्यवहारिक तथा अपने बहुमूल्य अनुभवों से जुड़ा बहुपयोगी प्रजेन्टेशन देने के लिए हम आपके बहुत आभारी हैं। आपने इण्डियन पेंट एण्ड कोटिंग एसोसिएशन द्वारा बैंकाक में आयोजित "थाईलैण्ड बाइनियल सम्मेलन" में उद्योगों की बारीकियों के बारे में जो महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी और कामधेनु पेंट्स की सफलता की जो कहानी सुनाई उससे वहाँ श्रोताओं में उपस्थित युवा उद्योगपतियों के नज़रिये में महत्वपूर्ण में तब्दीलियाँ आयेंगी।"

# कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा पटना में डिस्ट्रीब्यूटर्स सम्मेलन का आयोजन

**कंपनी बढ़ाएगी बिहार के बाजार में अपनी हिस्सेदारी, बिहार में आयोजित डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन में की घोषणा**




कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने बिहार राज्य में पिछले वर्षों में अपने विक्रय प्रदर्शन का आँकलन करने और नए वित्त वर्ष के लिए बिक्री के लक्ष्यों का निर्धारण करने के उद्देश्य से पटना के होटल चाणक्य में 5 जून, 2011 को एक डिस्ट्रीब्यूटर्स सम्मेलन का आयोजन किया। इस सभा में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री शैलेद्र बांका सहित बिहार के विभिन्न हिस्सों जैसे पटना, भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद, गया और बबुआ से 100 डीलरों ने भाग लिया। राज्य में कंपनी की फ्रैंचाइजी इकाई दादाजी स्टील के निदेशक श्री शिशिर अग्रवाल भी इस सभा में उपस्थित थे। इस अवसर पर कंपनी का प्रतिनिधित्व श्री वाई.आर. पंडिता, जी.एम. ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री वाई.आर. पंडिता ने कहा, "बिहार कंपनी के प्रमुख बाजारों में से एक है। बिहार पिछले दिनों में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों की श्रेणी में द्वितीय स्थान पर रहा है और इस समय बहुत तेजी से तरक्की कर रहा है। जिस गति से राज्य उन्नति कर रहा है उससे हमें यहां विकास की ढ़ेरों संभावनाएं नजर आ रही हैं। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड भारत की उन चुनिंदा कंपनियों में से एक है जिनके पास 500D और Fe-500 जैसी उन्नत स्टील बनाने की क्षमता है। हम राज्य में अपनी फ्रैंचाइजी इकाई दादाजी स्टील के सहयोग से उन्नत किस्म की स्टील बना रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि हम शीघ्र ही राज्य के बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लेंगे।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की विक्रय नीतियों की सराहना करते हुए श्री शैलेद्र बांका ने कहा, "कंपनी की नीतियों के बारे में सबसे सराहनीय बात यह है कि कंपनी अपने उत्पादों की गुणवत्ता बरकरार रखने में मजबूती से विश्वास रखती है। यही कारण है कि ग्राहक कंपनी के नाम पर विश्वास करते हैं। हम कंपनी को यह विश्वास दिलाते हैं कि हम राज्य में कंपनी की बिक्री बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और हमें पूरी उम्मीद है कि हम अपने दिए हुए लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहेंगे।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने नेटवर्क पार्टनर्स को उनके लक्ष्यों के प्रति जागरूक रखने और उन्हें इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्साहित रखने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इसके अतिरिक्त कंपनी उन्हें बिक्री में हर प्रकार की जरूरी सहायता प्रदान करती है जिसे लगातार चलने वाली कंपनी की ब्रांडिंग गतिविधियों का पूरा सहयोग मिलता है। अपने इन्हीं प्रयासों के दम पर कंपनी ने राज्य के बाजार के एक बड़े हिस्से को हासिल करने में सफलता प्राप्त की है।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# कामधेनु इस्पात लिमिटेड का "सद्भावना दौड़" में सहयोग

## दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमति शीला दीक्षित ने किया श्री सतीश अग्रवाल का विशेष सम्मान



कामधेनु इस्पात लिमिटेड 21 मई, 2011 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गाँधी को श्रृद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली में आयोजित "सद्भावना दौड़" के प्रमुख प्रयोजकों में से एक थी। इस कार्यक्रम में 5000 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। मैराथन पंजाबी बाग क्लब से पश्चिम विहार के बीच 4.5 कि.मी. लम्बे मार्ग पर दौड़ी गई। इसके पश्चात 28 मई, 2011 को पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमति शीला दीक्षित के आवास 3, जनपथ पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर राहुल विचार प्रचार समिति के अध्यक्ष श्री अश्विनि बागरी भी वहाँ मौजूद थे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के अधिकारीगण श्री सतीश अग्रवाल, सी.एम.डी., श्री चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेजर– ब्रॉंड प्रमोशन, श्री अमित सुरोतिया, श्री नितिन गोस्वामी (पेंट डिविजन से) और श्री धर्म पाल खेड़ा ने (डिस्ट्रीब्यूटर) ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड के लिए "सद्भावना दौड़" के साथ जुड़ना एक सम्मान की बात है। यह मैराथन देशवासियों को शांति व अमन का संदेश देती है। समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध कामधेनु इस्पात लिमिटेड इस प्रकार के कई कार्यक्रमों को सहयोग करती है। हम अपनी समाजसेवी शाखा "कामधेनु जीवनधारा" के जरिए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वाहन करते हैं और हम भविष्य में भी ऐसा करते रहेंगे।"

इस प्रकार के कार्यक्रमों में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सक्रियता दर्शाती है कि कंपनी सिर्फ अपने लाभ और व्यवसायिक हितों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे समाज के उत्थान के लिए समर्पित है। कंपनी का सदैव यह प्रयास रहता है कि इसके अस्तित्व का लाभ समाज के हर वर्ग को हो जो कि कंपनी की व्यवसायिक नीतियों में भी साफ झलकता है। निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हो या बच्चों की शिक्षा का प्रबंध या फिर वातावरण को हरा–भरा रखने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम, पिछले वर्षों में कंपनी की समाजसेवी कार्यों में संलग्नता में काफी तेजी आई है।

इस कार्यक्रम में कंपनी के सहयोग की सराहना करते हुए श्रीमति शीला दीक्षित ने श्री सतीश अग्रवाल को भेंट चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।






श्री अरविंद गोयल
**मैसर्स सुमित सेल्स**
हॉस्पिटल रोड, जसपुर
उत्तराखण्ड
मो. 9927510783

श्री पवन कुमार
**मैसर्स हिमांशी पेंट्स एण्ड हार्डवेयर स्टोर**
संधोकगढ़ रोड, गढ़शंकर
पंजाब
मो. 9815012168

श्री भूदेव प्रसाद
**मैसर्स प्रभाती लाल एण्ड सन्स**
काठ मण्डी, विश्वकर्मा चौक
रेवाड़ी, हरियाणा
मो. 9416063242

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com